प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 10.03.2026 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दीं
- केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात के मद्देनजर देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 लागू कियां
- विधानसभा में राजस्थान नगरपालिका संशोधन विधेयक, 2026 ध्वनिमत से पारित–सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगितं
- राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चने और सरसों की खरीद के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की शुरूआत 15 मार्च सें

00000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दी हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई बैठक में जल शक्ति मंत्रालय के इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया गयां सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में बताया कि अब इस मिशन का ध्यान बुनियादी ढांचे के निर्माण के स्थान पर सेवा वितरण पर केंद्रित होगां

......

इस योजना के पुनर्गठन के लिए कुल 8 लाख 69 हजार करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई है, जिसमें केंद्र सरकार की सहायता राशि 3 लाख 59 हजार करोड़ रुपये होगीं मिशन के सुचारू संचालन के लिए "सुजलम भारत" नाम से एक राष्ट्रीय डिजिटल ढांचा तैयार किया जाएगां इसके तहत प्रत्येक गाँव को एक विशिष्ट "सुजल गाँव" या "सर्विस एरिया आईडी" आवंटित की जाएगीं इससे पानी के स्रोत से लेकर नल तक की पूरी पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की डिजिटल मैपिंग की जा सकेगीं

00000

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात के मद्देनजर देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 प्रभावी कर दिया हैं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, इस निर्णय का उद्देश्य गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना और जमाखोरी पर रोक लगाना हैं सरकार ने प्राकृतिक गैस की उपलब्धता और वितरण की प्राथमिकताएं तय करने के साथ ही तेल रिफाइनरियों को उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं राज्य में भी प्रशासन ने आमजन से कालाबाजारी के मामलों की सूचना देने की अपील की हैं पाली के जिला रसद अधिकारी कमल ने कहा कि उपभोक्ता गैस आपूर्ति को लेकर परेशान न हों उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से पांच से सात दिनों में होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगीं

.....

00000

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एचपीसीएल और भारत पेट्रोलियम ने कहा है कि एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और घरेलू उपभोक्ताओं तथा अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसी आवश्यक जगहों पर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं सोशल मीडिया पर ऑयल कंपनियों ने जानकारी दी कि अन्य क्षेत्रों से प्राप्त अनुरोधों की समीक्षा तेल विपणन कंपनियों के कार्यकारी निदेशकों की एक समिति द्वारा की जाएगीं ऐसे अनुरोधों को उनकी योग्यता, आवश्यकता और एलपीजी की उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगीं

00000

पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच राज्य के भीलवाड़ा जिले के एक दंपत्ति सुरक्षित वतन लौट आए हैं रौनक बाहेती और सुचिता बाहेती ने अपनी सकुशल वापसी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया हैं यह दंपत्ति पर्यटन के लिए दुबई गया था, इसी बीच पश्चिम एशिया में तनाव पैदा होने के बाद घबराए दंपत्ति ने भारतीय दूतावास और विदेश मंत्रालय से संपर्क कर मदद मांगीं भारत सरकार के सहयोग से वे 5 मार्च को सुरक्षित अपने घर पहुंच गएं रौनक बाहेती ने कहा कि भारत की मजबूत विदेश नीति के कारण ही संकट के समय उन्हें यह मदद मिल पाईं

.....

00000

विधानसभा में आज राजस्थान नगरपालिका संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया गयां स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के जवाब के बाद सदन ने इसे ध्वनिमत से पारित कियां इस विधेयक के पारित होने से अब दो से अधिक संतान वाले व्यक्ति भी नगर निकाय चुनाव लड़ने के लिए पात्र होंगें विधेयक पर चर्चा के दौरान सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर ने पट्टा वितरण की स्थिति पर अपनी बात रखीं वहीं, विधायक घनश्याम मेहर, नरेन्द्र बुडानिया और हरिमोहन शर्मा ने भी चर्चा में भाग लियां विधेयक पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सत्र की समीक्षा की और सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दीं

000

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चने और सरसों की खरीद के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 15 मार्च से शुरू होंगें पहले कोटा, अजमेर, भरतपुर और श्रीगंगानगर के क्षेत्रीय कार्यालयों में रजिस्ट्रेशन किये जायेंगें सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि राजफैड के माध्यम से ये खरीद 25 मार्च से शुरू होगीं उन्होंने बताया कि बाकी चार क्षेत्रीय कार्यालयों जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और बीकानेर में ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 20 मार्च से शुरू होगीं इन केन्द्रों पर 1 अप्रेल से खरीद की जाएगीं श्री दक ने बताया कि सरसों का समर्थन मूल्य 6 हजार 200 रुपये प्रति क्विंटल और चने का समर्थन मूल्य 5 हजार 875 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया हैं राज्य में सरसों के लिये खरीद सीमा 13 लाख 78 हजार मीट्रिक टन और चने के लिये 5 लाख 53 हजार मीट्रिक टन निर्धारित की गई हैं

000

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में आहार अंतर्राष्ट्रीय खाद्य और आतिथ्य मेले के 40वें संस्करण का उद्घाटन कियां संवाददाताओं से बातचीत में श्री गोयल ने कहा कि भारत आज विश्व का सातवां सबसे बड़ा निर्यातक हैं

....

000

राज्य सरकार ने कृषि उपज मण्डी प्रांगण भूमि अर्जन नीति को स्वीकृति दी हैं इस नीति का उद्देश्य मण्डियों के विकास के लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया को व्यवस्थित करना हैं
सरकार ने विभिन्न कृषि उपज मण्डियों में विकास कार्यों के लिए 22 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी स्वीकृत की हैं

00000

वर्ष 2026 के लिए पद्म श्री पुरस्कार के लिए नामित गफरुदिन मेवाती जोगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया हैं मीडिया से बातचीत में श्री जोगी ने कहा कि यह सम्मान उनकी लोक कला और मेवाती संस्कृति के लिए गौरव की बात हैं

.....

गौरतलब है कि उन्हें कला के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित नागरिक अलंकरण के लिए चुना गया हैं

0000

प्रदेश में शीतलाष्टमी का पर्व कल मनाया जाएगां इससे पहले, आज परम्परा के अनुसार रांधा पुआ मनाया जा रहा हैं इस दौरान घर–घर में शीतला माता को अर्पित करने के लिए पकवान बनाए जा रहे हैं कुछ स्थानों पर आज भी शीतला माता की पूजा की गई और उन्हें ठंडे भोजन का भोग लगाया गयां इस पर्व को बास्योड़ा भी कहा जाता हैं राज्य में जालौर, सलूम्बर, पाली, सिरोही और अन्य जिलों में शीतला माता मंदिर में मेले लगे हैं सुबह से ही दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ रही हैं वहीं अलग–अलग दलों की ओर से गेर नृत्य भी चल रहे हैं जोधपुर के कागा स्थित प्राचीन शीतला माता

मंदिर में आज शाम से नौ दिन का मेला भरेगां वहीं जयपुर के पास चाकसू में शील की डूंगरी में कल शीतला माता का पारम्परिक मेला भरेगां

00000

कोटपूतली–बहरोड़ जिले के अनंतपुरा कैंप में आज केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ का 57वां स्थापना दिवस मनाया गयां सीआईएसएफ के डीआईजी आनंद सक्सेना ने परेड का निरीक्षण कर जवानों को संबोधित कियां

00000

जैसलमेर के सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तानी सिम कार्ड के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया हैं जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने सुरक्षा के मद्देनजर यह आदेश जारी किया हैं गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे पाकिस्तानी क्षेत्रों के मोबाइल टावरों का नेटवर्क भारतीय सीमा के भीतर तीन से चार किलोमीटर तक पहुंच रहा हैं

0000